बिहार सरकार

# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-800014

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.( बी.सी.ई.सी.ई. )-2023/01 दिनांक- 05.05.2023 **bceceboard.bihar.gov.in**

## BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION (BCECE)-2023
## बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा ( बी.सी.ई.सी.ई. )–2023

1. बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी.सी.ई.सी.ई.)–2023 में सम्मिलित होने एवं चयनोपरान्त नामांकन के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से विहित–प्रपत्र में Online आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं जिसके आधार पर निम्नांकित डिग्री–पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में नामांकन हो सकेगा।
   - क. **फार्मेसी धारा : सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बिहार के सरकारी फार्मेसी संस्थानों के डिग्री पाठ्यक्रम ।**
   - ख. **चिकित्सा धारा : बिहार के सरकारी संस्थानों के फिजियोथेरेपी एवं आकुपेशनल थेरेपी/ बैचलर ऑफ मेडिकल लेबोरेट्री टेकनोलोजी/ बैचलर ऑफ ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलोजी/ बैचलर ऑफ रेडियो इमेजिंग टेक्नोलोजी / बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री / बी. एस.सी. ( नर्सिंग ) एवं अन्य समान पाठ्यक्रम ।**
   - ग. **कृषि धारा : (i) बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर ( भागलपुर ) के स्नातक कृषि / स्नातक उद्यान / स्नातक वानिकी पाठ्यक्रमों की** 50% सीटें PCM एवं PCB की संयुक्त मेधासूची से भरी जायेंगी एवं शेष 50% सीटें CBA (Chemistry, Biology & Agriculture Sc.)/ (PCA) Physics, Chemistry & Agriculture Sc. / (MBA) Mathematics, Biology & Agriculture Sc. / (MCA) Mathematics, Chemistry & Agriculture Sc. की संयुक्त मेधासूची से भरी जायेंगी ।
     (ii) बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के स्नातक मत्स्य विज्ञान की सीटें संयुक्त मेधासूची के PCB ग्रुप से भरी जायेंगी।
   - घ. **विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक सं.- वि.प्रा.( ॥ ) व²-07/2017-800/ पटना, दिनांक 24.02.2023 के आलोक में राज्य के अभियंत्रण महाविद्यालयों अन्तर्गत संचालित स्नातक अभियंत्रण पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में नामांकन हेतु JEE (Main) परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के दो चक्रों की ऑनलाईन कॉउन्सेलिंग के पश्चात् रिक्त सीटों को बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा संचालित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा ( बी.सी.ई.सी.ई. )-2023 के PCM Group के अभ्यर्थियों से मेधा-सह-विकल्प के आधार पर दो ऑनलाईन कॉउन्सेलिंग के माध्यम से भरा जायेगा। इनमें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंतर्गत संचालित Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Navodaya Complex, Kameshwar Nagar, Darbhanga की पाठ्यक्रम भी सम्मिलित रहेंगी। नामांकन योग्य अभियंत्रण संस्थानों की विवरणी के लिए सारणी-1A, 1B एवं 1C देखें।**
2. बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2023 एक चरण में आयोजित की जायेगी । परीक्षा आयोजित करने की तिथि यथासमय सूचित किया जायेगा।
3. पर्षद के **Website: bceceboard.bihar.gov.in** पर बी.सी.ई.सी.ई.–2023 की उपलब्ध विवरण पुस्तिका में अभ्यर्थियों के लिए योग्यता / अर्हता / संस्थानों / पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं आवश्यक निर्देशों को देखा जा सकता है ।

   **आवेदन प्रपत्र, विवरण पुस्तिका एवं परीक्षा शुल्क :** बी.सी.ई.सी.ई.–2023 में सम्मिलित होनेवाले अभ्यर्थी विवरण पुस्तिका (Prospectus) पर्षद के Website : bceceboard.bihar.gov.in से Download कर प्राप्त कर सकते हैं। Online आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी पर्षद के उक्त वेबसाईट पर जा कर **"Online Application Portal of BCECE-2023"** Link पर Click कर "Apply Online" button पर click करें। इसके उपरान्त आवेदन प्रपत्र भरने हेतु जो निर्देश (Instruction) दिखेगा, उसे अभ्यर्थी अच्छी तरह पढ़ एवं समझ लें।

**i. Step-One (Registration) :**

इस परीक्षा हेतु Registration (निबंधन) के लिए सारी सूचनाएँ (Information) Step-1 के अंतर्गत कम्प्यूटर के स्क्रीन पर दिखने वाले आवेदन प्रपत्र में सही–सही अभ्यर्थी द्वारा भरना होगा। अभ्यर्थी Registration करने के समय यह ध्यान रखें कि वे अपना ही email ID एवं Mobile No. का इस्तेमाल कर रहें हों, क्योंकि Registration से संबंधित सभी सूचनाएं उसी email ID एवं Mobile No. पर भेजा जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा दिये गये Mobile No. एवं email ID को सत्यापित करने हेतु उक्त दोनों पर अलग–अलग सत्यापन कोड (Verification Code) भेजा जाएगा, जिसे अभ्यर्थी द्वारा Registration करने के क्रम में सत्यापन कोड (Verification Code) डालकर सत्यापित करना होगा। Mobile No. एवं email ID के सत्यापन के बाद सफलतापूर्वक Registration हो जाने के उपरांत किसी भी परिस्थिति में Mobile No. एवं email ID का बदलाव नहीं किया जाएगा। सफलतापूर्वक Registration हो जाने के बाद अभ्यर्थी के Registered Mobile No. एवं email ID पर सफलतापूर्वक Registration हो जाने की सूचना प्राप्त होगी। इसके बाद अभ्यर्थी आवेदन को पूर्ण रूप से Online भर कर जमा करने हेतु अपने Account में login करेंगे जिसके लिए वे अपना Registered email ID तथा Regisration के क्रम में दिये गये Password को डालकर "Sign In" बटन पर click करें तथा आगे की प्रक्रिया को पूरा करें। Registration के क्रम में अभ्यर्थी अपने द्वारा दिये गये Password को गोपनीय रखें अन्यथा पर्षद किसी भी तरह की परेशानी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। **अभ्यर्थी के द्वारा दिया गया email ID ही उनका User Name होगा।**

**ii. Step-Two (Personal Information) :**

सफलतापूर्वक Registration कर पुनः अपने Account में Login करने के उपरान्त कम्प्यूटर स्क्रीन पर Personal Information से संबंधित required entries पूरी तरह भरें एवं Submit & Continue बटन पर Click करें ।

**iii. Step-Three (Upload Photo & Signature) :**

Personal Information भरने के बाद अभ्यर्थी अपना उच्च कंट्रास्ट का रंगीन पासपोर्ट साईज फोटों एवं अपना हिन्दी एवं अंग्रेजी में हस्ताक्षर कर कम्प्यूटर स्क्रीन में दिये गये निर्देश के अनुसार Scan कर निर्धारित स्थान पर Upload करें । फोटो Placard के साथ (जिस पर आवेदक का नाम तथा फोटों खिंचवाने की तिथि अंकित हो) खिंचवाया हुआ ही प्रयोग में लाना आवश्यक है । निर्धारित स्थान पर फोटो एवं हस्ताक्षर Upload करने के बाद Submit & Continue बटन पर Click करें ।

**iv. Step-Four (Educational Information) :**

Scan किया हुआ फोटो एवं हस्ताक्षर Upload करने के बाद अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी सूचनाओं (Educational Information) को कम्प्यूटर स्क्रीन पर आवश्यकतानुसार भर कर Submit & Continue बटन पर Click करें ।

v. **Step-Five (Preview your Application) :**

Educational Information भरने के बाद अभ्यर्थी अपने द्वारा दी गई सूचनाओं को अच्छी तरह जांच लें । यदि जांच के क्रम में Step-Two, Step-Three एवं Step-Four में दी गयी सूचना गलत पाई जाती है तो अभ्यर्थी अपने उस सूचना को Back to Edit बटन पर Click कर अपने Information को सुधार कर Submit & Continue बटन पर Click करें, ताकि आपके द्वारा पुनः दिये गये सूचनाएँ Update हो सकें।

भरे गए आवेदन प्रपत्र के Preview में सारी सूचनाएं सही है तो अपना Declaration देकर Confirm & Submit बटन पर Click करें, ताकि अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क जमा कर सकें ।

vi. **Step-Six (Payment of Examination Fee) :**

अभ्यर्थी द्वारा भरी गयी सारी प्रविष्टियों के Preview को देखकर Submit करने के बाद Proceed to Payment बटन पर Click कर कम्प्यूटर स्क्रीन पर परीक्षा शुल्क भरने के निर्देश के अनुसार Payment की प्रक्रिया को पूरी करें । जमा किये गये परीक्षा शुल्क को लौटाया नहीं जायेगा।

a. **Online Payment :** अगर अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान Online यथा; क्रेडिट कार्ड अथवा डेबिट कार्ड अथवा नेट बैंकिंग अथवा UPI के माध्यम से करना चाहते हैं तो वे कम्प्यूटर स्क्रीन पर दिख रहे Payment Mode से Online Option को Select कर क्रेडिट कार्ड अथवा डेबिट कार्ड अथवा नेट बैंकिंग अथवा UPI के माध्यम से करें । परीक्षा शुल्क जमा करने पर उसमें लगने वाली अतिरिक्त राशि (Processing Charge) का भुगतान अभ्यर्थी को ही करना पड़ेगा ।

b. **उपरोक्त विधियों से परीक्षा शुल्क का भुगतान से संबंधित आवश्यक विवरणी निम्नवत् है;**

(क) जो अभ्यर्थी सामान्य / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/ पिछड़ा वर्ग / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के हों और PCM (Physics, Chemistry & Mathematics) ***अथवा*** PCB (Physics, Chemistry & Biology) ***अथवा*** **कृषि ग्रुप यथा** रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं कृषि विज्ञान (CBA) अथवा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं कृषि विज्ञान (PCA) अथवा गणित, जीव विज्ञान एवं कृषि विज्ञान (MBA) अथवा गणित, रसायन विज्ञान एवं कृषि विज्ञान (MCA) में से किसी एक सब्जेक्ट ग्रुप में परीक्षा देना चाहते हैं उनको 1000/- (एक हजार) रुपये की राशि परीक्षा शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा । जबकि अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / दिव्यांग (DQ) कोटि के लिए एक Subject Group में परीक्षा हेतु 500/- (पाँच सौ) रुपये की राशि परीक्षा शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा।

(ख) सामान्य / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/ पिछड़ा वर्ग / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी अगर चारो विषयों यथा PCMB (Physics, Chemistry, Mathematics & Biology) Subject Group में परीक्षा देना चाहते हैं तो उन्हें 1100/- (एक हजार एक सौ) रुपया का भुगतान परीक्षा शुल्क के रूप में करना होगा । अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / दिव्यांग (DQ) कोटि के अभ्यर्थी को चारों विषयों अर्थात PCMB (Physics, Chemistry, Mathematics & Biology) ग्रुप में परीक्षा के लिए 550/- (पाँच सौ पचास) रुपये का परीक्षा शुल्क जमा करना होगा ।

vii. **Step-Seven (Download Part-A & Part-B) :** पर्षद द्वारा निर्धारित तिथि एंव समय तक भुगतान करने के बाद अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये आवेदन प्रपत्र की Hard Copy (Part-A एवं Part-B) Download कर Print निकाल अपने पास सुरक्षित रख लें क्योंकि उसमें आपके द्वारा भरी गई सारी प्रविष्टियाँ एवं पर्षद द्वारा उपलब्ध कराया गया Registration No. होगा, जिसका उपयोग कॉउन्सेलिंग के समय या भविष्य में आपके द्वारा किया जा सकता है।

**नोट :** (a) Download किये गये आवेदन प्रपत्र की Hard Copy (Part-A एवं Part-B) को पर्षद कार्यालय में भेजने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रपत्र को कॉउन्सेलिंग के समय पर्षद को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा, इसलिए अभ्यर्थी इस प्रपत्र को सुरक्षित रख लें।

(b) उपरोक्त सारी प्रक्रियाओं को पूरी करने के बाद अन्तिम रूप से Online Application Form Submit करने के बाद Application Form में परिवर्तन / संशोधन का प्रावधान नहीं है।

(c) अभ्यर्थी कृपया नोट कर लें कि Application Form के Submission के बाद इसे न तो Withdraw किया जा सकेगा और न ही जमा किये गये परीक्षा शुल्क को लौटाने का अनुरोध ही स्वीकार किया जायेगा ।

(d) इन्टरनेट या पोस्टल या बैंकिग व्यवधान के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा । अतः अभ्यर्थी अंतिम तिथियों का इंतजार नहीं करेंगे एवं उसके पूर्व सभी प्रक्रिया पूरी कर लेंगे ।

4. (i) यदि अभ्यर्थी को Online Application Form भरने के उपरांत पता चलता है कि आवेदन पत्र भरने में कोई सूचना / फोटो / हस्ताक्षर Upload करने में गलती हुई है तो उसे सुधार करने हेतु Edit करने का मौका दिनांक 04.06.2023 से दिनांक 05.06.2023 तक दिया जाएगा।

(ii) Online Application Form में सुधार (Edit) केवल वैसे अभ्यर्थी ही कर सकते हैं, जिन्होंने निर्धारित तिथि तक अपना Online Application Form पूर्ण रूप से भर का सफलतापूर्वक परीक्षा शुल्क जमा कर दिया हो ।

(iii) अभ्यर्थी अपने Online Application Form में सुधार (Edit) करने हेतु Application के Home Page पर जाकर Sign In button को Click कर अपने email ID एवं Password को डालें एवं Submit बटन पर Click कर अपने Account में Login करें तथा आवश्यक सुधार कर Submit & Continue बटन पर Click करें, ताकि आपके द्वारा Edit किये गए Entries Update हो सके एवं पुनः Edited आवेदन प्रपत्र की Hard Copy (Part-A एवं Part-B) Download कर Print निकाल अपने पास सुरक्षित रख लें।

5. **<u>बी.सी.ई.सी.ई.-2023 से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तिथियाँ</u>** :-

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Online Registration Starting Date | : **07.05.2023** |
| (ii) | Online Registration Closing Date | : **02.06.2023** |
| (iii) | Last date of payment through Net Banking / Debit Card / Credit Card / UPI and submission of the Online Application Form of Registered Candidate . | : **03.06.2023** |
| (iv) | Online Editing of Application Form | : **04.06.2023 to 05.06.2023** |
| (v) | Uploading of Online Admit Card | : **यथासमय सूचित किया जायेगा।** |
| (vi) | Proposed Date of Examination | : **यथासमय सूचित किया जायेगा।** |

6. अपूर्ण रूप से भरा गया Online आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
7. न्यूनतम आयु सीमा : (i) फार्मेसी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु परीक्षा वर्ष के 31 दिसम्बर को आवेदक की न्यूनतम आयु 17 वर्ष होनी चाहिए। (ii) अभियंत्रण पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं है। (iii) चिकित्सा धारा के लिए दिनांक 31 दिसम्बर, 2023 को न्यूनतम आयु 17 वर्ष होनी चाहिए। (iv) बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में प्रवेश हेतु दिनांक 31 अगस्त, 2023 को आवेदक की न्यूनतम आयु 16 वर्ष होनी चाहिए।
8. शैक्षणिक तथा आवासीय अर्हताओं तथा अन्य नियमों / शर्त्तों के लिए इस बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी.सी.ई.सी.ई.)-2023 की विवरण-पुस्तिका जो बी.सी.ई.सी.ई. बोर्ड के वेबसाईट पर उपलब्ध है, को देखें।

**परीक्षा नियंत्रक**